# जागरण : नर्मदापुरम् : इटारसी : बैतूल : हरदा

www.dainikjagranmpcg.com

सिवनी-मालवा ✹ पिपरिया ✹ सोहागपुर ✹ मुलताई ✹ सारनी ✹ आमला ✹ टिमरनी ✹ खिरकिया

भोपाल 21 मई 2025


## न्यूज कार्नर

### शिक्षक संघ ने बीईओ को सौंपा ज्ञापन



**जागरण माखननगर।** शासकीय शिक्षक संगठन नर्मदापुरम द्वारा मंगलवार को संभागीय अध्यक्ष राजेश पांडे के नेतृत्व में बीईओ माखननगर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि शासन द्वारा कर्मचारियों को महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत दिया गया था जिसमें 4 प्रतिशत एरियर की राशि का भुगतान जनवरी 2024 से 10 माह का भुगतान किया जाना था लेकिन संकुल प्राचार्य द्वारा समय पर देयक प्रस्तुत न करने के कारण बीईओ कार्यालय द्वारा एरियर की राशि का भुगतान नहीं किया गया। ज्ञापन के माध्यम से जिला अध्यक्ष महेश विश्वकर्मा, राज्य अध्यापक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष हेमराज तिवारी, संतोष मीणा, प्रदीप अमरवंशी, रानी अंबरवंशी, लीलाधर केवट, राकेश चौधरी, संजय गुप्ता आदि ने शीघ्र भुगतान मांग की है मामले में जब बीईओ से दूरसंचार पर संपर्क किया गया तो उनका कहना था कि हमारे द्वारा सभी प्राचार्य को निर्देशित कर दिया गया है। 17 अप्रैल को पत्र भी जारी किया गया था परंतु संकुल प्राचार्य द्वारा देयक प्रस्तुत करने के चलते भुगतान नहीं हो पाया है।

### किसान ने की बिजली सुधार की मांग

**जागरण सोहागपुर।** ग्राम मड़काढाना के कृषक विनोद ने एसडीएम को एक आवेदन देकर अपने बिजली बिल में सुधार करने की गुहार लगाई है। विनोद ने बताया कि उसकी कृषि भूमि ग्राम मड़काढाना में स्थित है जिसमें 5 एचपी का विद्युत कनेकशन एक वर्ष पूर्व स्वीकृत कराया गया था जिसका विद्युत कनेक्शन क्रमांक 2578018674 है। विभाग ने पहले तो एक बिल 5 एचपी के हिसाब से दिया जो सही था। लेकिन उसके बाद विभाग द्वारा 5 एचपी के स्थान पर 8 एचपी का बिल दिया जाने लगा। जिसको लेकर कई बार विभाग में भी गुहार लगा चुका है। मोटर लोड से अधिक बिल दिए जाने पर बिल की राशि अधिक आ रही है जिसे भरने में किसान असमर्थ है। विनोद ने अपने कनेक्शन पर 5 एचपी का बिल दिए जाने की गुहार लगाई है।

### भाविप ने लगाया बाल संस्कार, योग शिविर



**जागरण नर्मदापुरम।** भारत विकास परिषद नर्मदापुरम द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में बालयोग शिविर एवं बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के लगभग 30 बच्चियों ने शामिल होकर योग का प्रदर्शन भी किया और परिषद के जिला अध्यक्ष डीएस दांगी द्वारा सभी बच्चों एवं बच्चियों को भारतीय संस्कृति के संस्कार के बारे में अवगत कराया एवं उनसे पालन करने का भी अनुरोध किया। इस अवसर पर वंदना शर्मा, नलिन पटेल, अमन दुबे, दुर्गा भदोरिया, अमर ज्योति भदोरिया, अरुणा गंगराड़े, हरि सिंह मीणा एवं शिक्षकगण भी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का 22 मई को नर्मदापुरम जिले में रहेगा प्रवास

# रेलवे स्टेशन के उन्नयन कार्यों का लोकार्पण करेंगे सीएम डा. यादव

### साफ सफाई, विद्युत, पेयजल, ट्रैफिक व्यवस्था चाक चौबंद रखने कलेक्टर ने दिए निर्देश



**जागरण नर्मदापुरम।** मंगलवार को कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नर्मदापुरम जिले के आगमन को लेकर की जा रही तैयारी एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 22 मई को नर्मदापुरम जिले के प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जा रहे अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन नर्मदापुरम के उन्नयन कार्यों का लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री डॉ यादव सिवनी मालवा विकासखंड अंतर्गत मंडी प्रांगण में जनहितैषी कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन कर सभा को संबोधित करेंगे। इसके पूर्व मुख्यमंत्री डॉ यादव सिवनी मालवा में आयोजित तिरंगा यात्रा में भी सम्मिलित होंगे।

कलेक्टर सुश्री मीना ने ईई लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि हेलीपैड, मुख्य सभा स्थल मंच एवं डोम, नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन मंच एवं डोम का पूर्ण रूप से निरीक्षण कर सुरक्षा प्रमाण पत्र जारी करें। इसी प्रकार उन्होंने ईई एमपीईबी को भी निर्देशित किया कि विद्युत व्यवस्था के संबंध में भी समस्त जांच एवं परीक्षण करने के उपरांत सुरक्षा प्रमाण पत्र जारी करें।

बैठक के दौरान उन्होंने दोनों कार्यक्रम स्थलों पर प्रोटोकॉल के अनुसार बैठक व्यवस्था बनाए जाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सीएमओ नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम को निर्देशित किया कि दोनों कार्यक्रम स्थल के समीप तथा हेलीपैड पर फायर ब्रिगेड तैनात रहे यह सुनिश्चित किया जाए। इसी प्रकार सीएमएचओ नर्मदापुरम सुनिश्चित करें कि उक्त स्थानों पर एम्बुलेंस तथा चिकित्सकों की टीम उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सभा कक्ष में उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया की सभी अधिकारी समन्वित रूप से कार्य करें। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान मंच व्यवस्था सहित कार्यक्रम की बैठक की सुनियोजित तैयारी किए जाने के निर्देश भी दिए।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह, जिला पंचायत सीईओ टी प्रतिक राव, अपर कलेक्टर डीके सिंह, डिप्टी कलेक्टर डॉ बबीता राठौड़ सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिपं सीईओ एवं एसडीएम ने ली अधिकारियों की बैठक



**जागरण सिवनी मालवा।** मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों को लेकर मंगलवार को जनपद सभागार में प्रभारी जिला पंचायत सीईओ टी प्रतीक राव और एसडीएम सरोज सिंह परिहार ने अधिकारियों की बैठक ली। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा सीएम राइज स्कूल के नए भवन का लोकार्पण एवं कन्या महाविद्यालय और कई सड़कों का भूमि पूजन भी किया जाएगा। कृषि उपज मंडी परिसर में जनसभा का आयोजन होगा। एसडीएम सरोज सिंह परिहार ने बताया कि सभा स्थल तक यातायात रूट, पार्किंग व्यवस्था, साफ-सफाई, बिजली और पानी की व्यवस्था के लिए विभिन्न विभागों को जिम्मेदारी दी गई है। हेलीपैड के लिए शासकीय कुसुम महाविद्यालय के मैदान का चयन किया गया है। जनपद पंचायत सीईओ श्रुति चौधरी ने पंचायत सचिवों को फायर फाइटर तैयार रखने के निर्देश दिए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों को सभा स्थल तक लाने-ले जाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की जिम्मेदारी पंचायत सचिवों और पटवारियों को दी गई है।

# आपरेशन सिंदूर : मातृशक्ति ने निकाली भारत भक्ति वाहन यात्रा



### राज्यसभा सांसद भाजपा जिलाध्यक्ष नपाध्यक्ष हुई शामिल

**जागरण नर्मदापुरम।** ऑपरेशन सिंदूर के सफलता पर राष्ट्र के लिए समर्पित योद्धाओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए मातृशक्ति ने सैनिकों का सम्मान भारत भक्ति यात्रा निकाल कर किया। साथ ही भूतपूर्व सैनिकों का तिलक श्रीफल और फूल माला से स्वागत किया। यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में विजय सिंह राठौर, विभाग संयोजिका सत्यकीर्ति राणे, आरती शर्मा के संयोजन में यह यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ मंडी परिसर से हुआ जो कि नगर के विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए एसएनजी स्कूल परिसर में पहुंची जहां समापन हुआ। यात्रा में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा हाथ में तिरंगा लहराते हुए भारत माता के जयकारे लगाए। इससे पूर्व मंडी परिसर में पूर्व सैनिकों का तिलक लगाकर स्वागत सम्मान किया गया।

# नगर कांग्रेस की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



**जागरण नर्मदापुरम।** मंगलवाल को नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक निजी गार्डन में आयोजित की गई जिसमें नगर में कानून व्यवस्था, साफ सफाई, गांधी पार्क का उन्नयन कार्य शीघ्र करने, अवैध शराब बिक्री, स्वास्थ व्यवस्था आदि मुद्दों को लेकर कांग्रेसियों ने विचार रखे और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने आंदोलन की रूपरेखा बनाई।

नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने बताया कि आगामी 23 मई को नगर में साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था, आवारा पशु एवं श्वानों के आतंक को लेकर नपा सीएमओ को ज्ञापन सौपा जाएगा और कार्यवाही नहीं होती है तो आगे चरणबद्ध आंदोलन नगर प्रशासन के खिलाफ किया जाएगा एवं नगर में कानून व्यवस्था अवैध शराब बिक्री, हर गली मोहल्ले में जुएं के फड़ सट्टा लिखाई को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में आगामी 27 मई को कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा जायेगा। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक गिरिजा शंकर शर्मा, कपिल फौजदार, मधुसूदन यादव, मीना वर्मा, संतोष राजपूत, अनोखी राजोरिया, चंद्र गोपाल मलैया, गुलाम मुस्तफा , महेश पाण्डेय, दीप सिंह सिसोदिया, विजेंद्र राजपूत, अजीत बिष्ट, कीर्ति मिश्रा, राजू, मिश्रा अनिल त्रिवेदी, फैजान उल हक, धीरज बहुत्रा, बबलू राठौर आदि उपस्थित रहे।

# डेरा सच्चा सौदा जमीन मामले में सुशील गोयल की सनद निरस्त करने की शिकायत

**जागरण नर्मदापुरम।** मुख्यालय पर एसपीएम रेलवे क्रॉसिंग के पास खोजनपुर में स्थित डेरा सच्चा सौदा सिरसा (हरियाणा) की 6.4 एकड़ जमीन की फर्जी तरीके से हुई रजिस्ट्री मामले में पुलिस द्वारा जांच उपरांत बनाए गए आरोपी अधिवक्ता सुशील गोयल, उनके पुत्र दिव्यांश गोयल और एकांश गोयल को विशेष न्यायाधीश द्वारा अग्रिम जमानत नहीं दिए जाने के बाद अब उच्च न्यायालय जबलपुर में अग्रिम जमानत का आवेदन लगा हुआ है जिस पर आज सुनवाई हो गई है। आदेश को होल्ड पर रखा गया है। सिटी पुलिस द्वारा फरार आरोपियों को अब तक गिरफ्तार नहीं किया जा सका हैं। वहीं आरोपियों की अग्रिम जमानत पर आपत्ति दर्ज कराने वाले पीड़ित संतोष कुमार जैन के अधिवक्ता संजय मिश्रा ने बताया कि उच्च न्यायालय जबलपुर में आरोपियों द्वारा अग्रिम जमानत के लिए लगाए आवेदन पर आज सुनवाई हुई हैं। जहां पर हमारे पक्षकार द्वारा अधिवक्ता के साथ आपत्ति दर्ज कराई गई है। आज उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत को लेकर बहस हुई है।

पीड़ित पक्षकार संतोष कुमार जैन का कहना है कि जिला न्यायालय की विशेष न्यायाधीश की अदालत से फरार आरोपियों की अग्रिम जमानत का आवेदन निरस्त हो चुका है। इसके बाद से आरोपी निरंतर फरार हैं। आरोपियों द्वारा अग्रिम जमानत के लिए माननीय उच्च न्यायालय में लगाए गए आवेदन पर आज बहस हुई है और माननीय न्यायालय का फैसला अभी होल्ड पर रखा हुआ है। पुलिस फरार आरोपी अधिवक्ता सुशील गोयल को गिरफ्तार कर प्रतिरूपित व्यक्ति ओमप्रकाश बरेठा के संबंध में पूछताछ करें,जिससे पूरा मामला क्लियर होगा। वहीं पीड़ित पक्षकार संतोष कुमार जैन द्वारा मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर में अधिवक्ता सुशील गोयल द्वारा आवेदक के साथ षडयंत्र पूर्वक, छल कपट, धोखाधडी कर कदाचरण करते हुए अधिवक्ता कर्तव्यों का पालन नहीं करने को लेकर उनकी सनद निरस्त करने के लिए गंभीर आरोपों के साथ शिकायत भी की गई है। श्री जैन ने पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया है कि फरार आरोपी अधिवक्ता सुशील गोयल को गिरफ्तार कर फर्जी ओमप्रकाश बरेठा का सच सामने लाएं।

### बागरातवा स्कूल में समरकैम्प का समापन

**जागरण माखननगर।** पीएमश्री उमा विद्यालय बागरातवा में 1 मई से प्रारंभ हुए 20 दिवसीय समरकैम्प का मंगलवार को समापन हुआ। समर कैंप में विद्यार्थियों को मनोरंज के साथ ही स्वरोजगार व लघुउद्योग का ज्ञान देकर उसकी यूनिट तैयार करना बताया गया। ग्रीटिंग कार्ड, रंगोली, पेंटिंग, स्केचिंग, मेहंदी, डांस, कविता, भाषण, लेखन, योगासन समस्त प्रकार के खेल खिलवाए गए। समापन के दौरान सरपंच विशाल मालवीय, उपसरपंच रमेश यादव, जनप्रतिनिधि बलदेव सिंह दुबे, प्राचार्य वीकेश राजपूत द्वारा विद्यार्थियों को शील्ड, मेडल, प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। इस अवसर पर शिक्षक रजनी यदुवंशी, संतोष यादव, संजीव साहू, राजेन्द्र पठारिया, प्रतिभा त्रिवेदी, मनीषा मेहर, कुलदीप अहिरवार, सोनू अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

# स्प्रिंगडेल्स स्कूल की एनसीसी कैडेट्स कैंप के लिए रवाना



**जागरण नर्मदापुरम।** स्प्रिंगडेल्स स्कूल, नर्मदापुरम के गर्ल्स एनसीसी कैडेट्स कन्या शिक्षा परिसर पवारखेड़ा में 20 मई से 29 मई तक आयोजित होने वाले 5 एमपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी कैंप में भाग लेने के लिए रवाना हुए। यह कैंप राष्ट्रीय कैडेट कोर के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य कैडेट्स में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, देशभक्ति तथा टीम भावना विकसित करना है। इस मौके पर प्राचार्य मोना चटर्जी ने कैडेट्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे कैंप छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। यह अवसर कैडेट्स के लिए न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी सशक्त बनने का माध्यम है। कैंप के दौरान कैडेट्स को ड्रिल, फायरिंग, मैप रीडिंग, प्राथमिक चिकित्सा, आत्मरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। कैडेट्स को एनसीसी अधिकारी शेख कमर एवं सीटीओ दीपिका शर्मा द्वारा मार्गदर्शन कर कैंप के लिए रवाना किया गया है।

# जनसुनवाई में 112 आवेदनों पर हुई सुनवाई, निराकरण के दिए निर्देश



**जागरण नर्मदापुरम।** कलेक्ट्रेट कार्यालय के जनसुनवाई कक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौर ने नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के दूरदराज अंचलों से आए 112 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जिला मुख्यालय के साथ ही तहसील एवं ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदन प्रधानमंत्री आवास, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में आए लिखीराम जाटव निवासी इंदिरा आवास कॉलोनी नर्मदापुरम के सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो जाने पर मुख्यमंत्री सहायता कोष से उपचार हेतु आर्थिक सहायता की राशि प्रदान करने हेतु आवेदन दिया। जिस पर संबंधित अधिकारी को मामले को गंभीरता से जांच कर सहायता प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। इसी प्रकार रेवा गंज जुमेराती नर्मदापुरम सुल्ताना बेगम ने बताया कि उनके घर का वर्षों पुराने बिजली के बिल के भुगतान का नोटिस दिया गया। आवेदन कर्ता के आजीविका का साधन सामाजिक विधवा पेंशन है, जिस पर विद्युत विभाग द्वारा होल्ड लगा दिया गया है। विधवा पेंशन बहाल करने एवं विद्युत बिल माफ करने के लिए जनसुनवाई में आवेदन दिया। एक अन्य मामले मे सोमनाथ कहार निवासी लोहिया तहसील पिपरिया ने बताया कि उनका आर्मी में जीडीए पद पर चयन हुआ था जिसके लिए पुलिस वेरीफिकेशन प्रमाण पत्र की आवश्यकता होने पर पुलिस वेरीफिकेशन हेतु आवेदन किया गया था किंतु चार माह बाद भी आर्मी हेडक्वार्टर नागपुर को नही भेजा गया हैं। उन्होंने उचित कार्यवाही करने के लिए आवेदन दिया। जनसुनवाई के दौरान अनु-विभागीय अधिकारी नीता कोरी, तहसीलदार देव शंकर धुर्वे एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## शैक्षणिक भ्रमण | सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थियों ने ग्राम कोलगांव का किया भ्रमण

# ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए किया जागरूक

**जागरण सिवनी मालवा।** विकासखंड के सीएमसीएलडीपी विद्यार्थियों ने ग्राम कोलगांव में क्षेत्रीय भ्रमण किया। मप्र जन अभियान परिषद द्वारा सिवनी मालवा विकासखंड के अंतर्गत शिवपुर सेक्टर में कोलगांव को आदर्श ग्राम बनाने के लिए चयनित किया गया है, जहां विकासखंड समन्वयक हरिदास दायमा के नेतृत्व में नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति तथा परामर्शदाताओं के सहयोग से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के कार्यालय नवांकुर जन सूचना केन्द्र का उद्घाटन सरस्वती माता का पूजन वंदन कर किया। इस कार्यालय में लाइब्रेरी बनाई जाएगी। ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु परामर्श प्रदान किया जाएगा। यहां अतिथियों द्वारा आम का एक पौधा भी रोपित किया गया।




**रैली निकालकर जल संरक्षण का दिया संदेश :** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों, ग्राम के युवा, बुजुर्गों तथा बच्चों ने ग्राम में रैली निकाली। तख्तियों पर जन जागरूकता संबंधी नारों के प्रदर्शन तथा नारों के उदघोष से ग्रामीणों को जल बचाने, वृक्ष लगाने तथा नशा न करने का संदेश दिया।

**जल संरक्षण की शपथ ली :** स्थानीय श्री राम मंदिर में ग्रामीणों की उपस्थिति में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में हरिदास दायमा ने ग्रामीणों से ग्राम के प्रमुख विषयों पर चर्चा की। इस दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई एवं जल के अपव्यय को रोककर जल का संचयन करने, जल स्रोतों को प्रदूषित न करने, सोखता गड्ढे का निर्माण करने पर मार्गदर्शन दिया। साथ ही नशा न करने, सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग न करने, सार्वजनिक आयोजनों में भोजन के अपव्यय को रोकने, आस्था का केंद्र मां नर्मदा नदी में कचरा ना डालने के साथ शिक्षा तथा संस्कार को अपनाकर ग्राम को आदर्श बनाने की सीख दी।


केनरा बैंक Canara Bank
A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

ए.आर.एम. शाखा- प्लाट नं. 04, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल

**कब्जा सूचना (अचल संपत्ति हेतु)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता केनरा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(12) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित ऋणधारी को निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज राशि एवं सहित नोटिस प्राप्ति के 60 दिन की समयावधि के भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था।
ऋणी निर्धारित समय सीमा मे ऋण का भुगतान करने मे असफल रहा है। अतः ऋणी/जमानतदार एव सर्वसाधारण को एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम (8 एवं 9) के अंतर्गत नीचे वर्णित संपत्ति का अधिग्रहण कर लिया है।
ऋणग्रहीता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद द्वारा निम्नलिखित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **केनरा बैंक की ए.आर.एम. शाखा** के अधीन होगा।
ऋणी एवं जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (redeem कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

| ऋणी /बंधककर्ता/ जमानतदारों का नाम | मांग नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक | कब्जा की गई संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| ऋणीः (1) **मेसर्स रेवा फार्म मशीनरी एंड इक्विपमेंट,** निवासी कालिका नगर, बाबई रोड, नर्मदापुरम, म.प्र. 461001, (2) **श्री आलोक कुमार तिवारी पुत्र नंद किशोर तिवारी,** निवासी पोस्ट मगरोल, ग्राम महासा, वार्ड 11 मुहासा, आरी, नर्मदापुरम (3) **श्री योगेश्वर तिवारी,** निवासी पोस्ट मगरोल, वार्ड 11, ग्राम मोहासा, माधवन आरी, होशंगाबाद, म.प्र.-461001, (4) **श्री अभिषेक चन्द दिनेश चन्द्र पाठक पुत्र दिनेश चन्द्र पाठक,** निवासी वार्ड क्रमांक 16, चक्कर रोड, मालाखेड़ी, नर्मदापुरम, म.प्र. 461001, जमानतदारः **(1) स्व. दिनेश चंद्र पाठक पुत्र स्व. श्री मुरलीधर पाठक (2) श्रीमती कुमकुम पाठक पत्नी स्व. दिनेश चंद्र पाठक** दोनों का पता : निवासी वार्ड क्रमांक 16, चक्कर रोड, मालाखेड़ी, नर्मदापुरम, म.प्र. 461001 | 19.02.2025 / 19.05.2025 मांग सूचना अनुसार बकाया राशि ₹ 52,63,625.91/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे | **डायवर्टेड खसरा नंबर 380/5, सेटलमेंट नंबर 257,प्लाट के साथ मकान का क्षेत्रफल 9670 वर्गफीट (घर का निर्मित क्षेत्रफल- 2000 वर्गफीट या 185.87 वर्गमीटर एवं खुला क्षेत्र 7670 वर्गफीट या 712.82 वर्गमीटर)** संपत्ति मालिक- स्वर्गीय श्री दिनेश चंद्र पाठक और श्रीमती कुमकुम पाठक (2) **एक आवासीय डायवर्टेड प्लॉट नंबर 08, क्षेत्रफल 805 वर्गफीट अर्थात डायवर्टेड खसरा नंबर 70/3 में से घर के साथ, मौजा जलालाबाद ('रेवा भगवती नगर') नगरपालिका वार्ड नंबर 15/12, नर्मदापुरम, तहसील और जिला नर्मदापुरम म.प्र.** संपत्ति मालिक- श्री आलोक कुमार तिवारी पिता श्री नंद किशोर तिवारी गांव मोहासा तहसील बाबई जिला नर्मदापुरम एमपी |

स्थान-भोपाल, दिनांक : 19-05-2025 — प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक



**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील सिवनी मालवा, जिला नर्मदापुरम**

Phone No. 07570-224646,
Email Id seonimalwatehsildar@gmail.com

प्र.क्र.0040/ वर्ष 2024-25
ग्राम-हथनापुर

**इश्तेहार**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम हथनापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 40/2, 41/2 भूमि स्वामी के रूप में दर्ज है। जिसमें से आवेदिका दुलारी बाई पत्नि अमर सिंह जाति भिलाला निवासी ग्राम शिवपुर, भूमि विक्रय किये जाने बाबत् आवेदन पत्र पेश किया है। जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो वह स्वयं या अपने किसी अभिवाषक के माध्यम से पेशी दिनांक 05/06/2025 अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। वाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**नायाब तहसीलदार**
**सिवनी मालवा**

## न्यूज कार्नर

### पत्नी के साथ पति ने की मारपीट

**जागरण, इटारसी।** केसला थाना क्षेत्र निवासी एक महिला के साथ उसी के पति द्वारा मारपीट की गई। जिसकी शिकायत महिला ने केसला थाने में की है। आदिवासी विकास खंड केसला के बोरखेडा ग्राम निवासी 30 वर्षीय शारदा भुसारे के साथ उसी के पति मुकेश भुसारे द्वारा मारपीट की गई। बताया जा रहा है कि पारिवारिक बात को लेकर उनके बीच झगड़ा हो गया था। उसी के चलते पति ने अपनी ही पत्नी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी, पुलिस ने इस मामले में आरोपी पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### अनियंत्रित होकर नाली में उतरी कार



**जागरण, इटारसी।** शहर के बैल बाजार क्षेत्र मुख्य मार्ग में सुबह के समय एक कार अचानक का नियंत्रित होकर किनारे बनी नाली में उतर गई। बताया जा रहा है कि सिल्वर कलर की कार अचानक नियंत्रित होकर नाली में जाकर घुस गई। इस घटना में कार का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद कार को बड़ी मुश्किल से नाली से बाहर निकाला जा सका।

### ट्रेड यूनियन 9 को करेगा आम हड़ताल

**जागरण, इटारसी।** केंद्रीय ट्रेंड यूनियन के संयुक्त मंच ने जम्मू कश्मीर के पहलगांव मे हुए भीषण आतंकी हमले जिसमें 26 निर्दोष नागरिकों की जान गई इसके बाद देश मे उत्पन्न हालातों को हुऐ ट्रेड यूनियन ने राष्ट्रहित में जिम्मेदार नागरिक होने का दायित्व निर्वहन करते हुऐ देश व्यापी आम हड़ताल की तारीख 20 मई को आगे बढ़ाकर 9 जुलाई को करने का निर्णय लिया है।

### सट्टा लिखते एक आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, इटारसी।** सट्टा लिखते हुए एक आरोपी को पुलिस ने पकड़ा है। जिसके पास से सट्टा पर्ची और नगदी रूपए बरामद किए गए। शहर में सटोरिए सक्रिय है। ऐसे ही पुलिस ने अठारह बंगला स्थित एक खंडहर से पीपल मोहल्ला निवासी 32 वर्षीय विजय कुमार बिल्लौरे को सट्टा लिखते हुए पकड़ा है। उसके पास से सट्टा पर्ची और 550 रूपए नगद बरामद किए गए है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### रेस्ट हाउस लोकार्पण कार्यक्रम निरस्त

**जागरण, इटारसी।** शहर में आज 21 मई को रेस्ट हाउस के नवीन भवन का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित होना था। यह कार्यक्रम किन्हीं अपरिहार्य कारणों से सूत्रों के माध्यम से निरस्त होने की जानकारी मिल रही है। आगामी तिथि में लोकार्पण किया जाएगा।

#### बिजली कटने से मूंग की सिंचाई के लिए परेशान हो रहे किसान, मुरझा सकते हैं पौधे

# बिल का भुगतान नहीं होने से बिजली कंपनी ने काटी पंप की विद्युत सप्लाई

**जागरण, इटारसी।** इन दिनों मूंग की फसल खेतों में लहलहा रही है। ऐसे में बिजली कंपनी द्वारा खेतों के पंप कनेक्शन की बिजली सप्लाई बंद कर दी। अब मूंग की सिंचाई के लिए किसान परेशान हो रहे हैं। यदि समय पर बिजली सप्लाई नहीं चालू हुई तो मूंग के पौधे मुरझा जाएंगे।

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा खेतों की सिंचाई के लिए लिए गए पंप कनेक्शन की बिजली सप्लाई बंद कर दी। खेतों की सिंचाई के लिए पंप तीन फेस से चलता है। इनमें पथरौटा सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाली लगभग 35 डीपी के कनेक्शन बंद कर दिए गए। जिससे पंप नहीं चालू हो पा रहे है।

बताया जा रहा है कि किसानों को अप्रैल माह तक पंप कनेक्शन के बिजली बिल का भुगतान किया जाना था। लेकिन अधिकांश किसानों ने बिल का भुगतान नहीं किया। जिससे बिजली कंपनी को काफी नुकसान हो रहा है। इसलिए बिजली कंपनी को यह ठोस कदम उठाना पड़ा। पंप कनेक्शन की बिजली सप्लाई ठप होने के कारण मूंग की फसल प्रभावित होने से भी इनकार नहीं किया जा सकता। पथरौटा सब स्टेशन के अंतर्गत बिजली कंपनी ने कुबड़ाखेड़ी, पथरौटा और जुझारपुर सहित अन्य गांव की लगभग 35 डीपी बंद कर दी गई। जिससे तीन सौ से चार सौ किसानों की मूंग फसल प्रभावित होगी। बता दें कि तीसरी फसल के रूप में हजारों हेक्टेयर भूमि पर किसानो द्वारा मूंग की खेती की गई है। फसल खेतों पर लहलहा रही है। यदि जल्द ही सिंचाई के लिए पानी नहीं मिला तो फसल मुरझाने लगेगी। क्योंकि इन दिनों तपामान बढ़ने के साथ ही तेज धूप हो रही है। इसलिए फसल सिंचाई की काफी आवश्यकता है।



### किसान कर सकते हैं आंदोलन

फसल की सिंचाई के लिए पंप की डीपी बंद होने के कारण किसान मूंग की सिंचाई नहीं कर पा रहे है। किसानों का कहना है कि बिजली कंपनी को डीपी नहीं बंद करनी थी। क्योंकि कुछ किसानों द्वारा बिजली बिल का भुगतान किया जा चुका है। उनकी क्या गलती है। जिन किसानों द्वारा बिल का भुगतान नहीं किया गया है उनके कनेक्शन काटे जाने थे। लेकिन कंपनी ने सभी किसानों के कनेक्शन बंद कर दिए है। ऐसे में जिन किसानों के बिल जमा है वह आंदोलन कर सकते है।

### इनका कहना है...

खेतों की डीपी बंद करने से तीन सौ से चार सौ किसानों की फसल प्रभावित होगी। जिन किसानों के बिल जमा हैं उनके कनेक्शन चालू रखने थे। यदि कंपनी द्वारा बिजली सप्लाई नहीं चालू की गई तो किसान आंदोलन कर सकते हैं।

**विजय चौधरी,** किसान नेता

-मूंग की सिंचाई जरूरी है। यदि कंपनी द्वारा बिजली सप्लाई नहीं चालू की गई तो मूंग की फसल मुरझाने लगेगी, जिससे उत्पादन पर भी असर पड़ेगा।

**दिनेश मेहतो,** किसान

95 प्रतिशत खेतों के पंप कनेक्शन का बिल बकाया है। किसानों को पहले सूचित किया गया था कि वह अपने अपने बिल का भुगतान कर दें, लेकिन किसानों द्वारा बिल का भुगतान नहीं किए जाने के कारण डीपी बंद की गई है। यदि भुगतान हो जाता है तो जल्द ही पुनः बिजली की सप्लाई चालू कर दी जाएगी।

**संदीप पांडे,** डीजीएम बिजली कंपनी

## आयुध निर्माणी कर्मी के एक आवास में छह लाख की चोरी

**जागरण, इटारसी।** आयुध निर्माणी स्थित एक आवास से लाखों के आभूषण और नगदी चोरी होने का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत पथरोटा थाने में की गई है।

आयुध निर्माणी में चोर सक्रिय हैं, जो सूने आवासों को निशाना बना रहे है। ऐसे ही टाईप थ्री निवासी 45 वर्षीय राजीव चैरसिया के आवास में बीती रात चोरों ने घुसकर आभूषण और नगदी साफ कर दिया। बताया जा रहा है कि 17 मई को परिवार के लोग कहीं गए थे। उसी दौरान चोर पीछे के कमरे में घुसकर मंगलसूत्र, सोने के कंगन, कान के झुमके, सोने की अगूठियां, चैन, चांदी की पायल, बिछिया और 45 हजार रूपए नगदी पर हाथ साफ कर दिया। परिजनों ने जब देखा तो उनके होश उड़ गए। क्योंकि आलमारी का सामान अस्त व्यस्त मिला। वहीं चोरी हुए आभूषणों की कीमत लगभग 6 लाख रूपए बताई जा रही है। इस घटना के बाद आयुध निर्माणी कर्मी राजीव ने पथरौटा थाना पहुंचकर शिकायत की है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## पुलिस की सतर्कता से घटे अपराध नाइट पेट्रोलिंग में आई कसावट

**जागरण, इटारसी।** पुलिस शहर में गुंडे बदमाशों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। देर रात बाजार क्षेत्र एवं रेलवे स्टेशन रोड पर खुलने वाली चाय नाश्ते गुटका पाउच की दुकानों को रात 11 बजे के बाद सख्त निर्देश देकर बंद कराया जा रहा है। इन दुकानों के आसपास रात मे गुंडे बदमाश सकरी रहते हैं। इस वजह से आए दिन शहर में आपराधिक घटनाएं होती थी। इन घटनाओं को देखते हुए पुलिस ने रात 11 बजे के बाद यहां दुकान चलाने वाले व्यापारियों को सख्त नसीहत देकर उनकी दुकान निर्धारित समय के बाद बंद करना शुरू कर दिया है। टीआई बुंदेला ने कहा कि हम शहर वासियों के सहयोग से ही अपराधियों और अपराधों पर नियंत्रण पा सकते हैं। किसी भी माध्यम से नागरिक शहर में होने वाली घटनाओं या अपराध की जानकारी पुलिस को दे सकते हैं। जरूरी होने पर सूचनाकर्ता का नाम भी गोपनीय रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि इटारसी शहर में आम जनता की सुरक्षा और गुंडे बदमाशों में पुलिस का खौफ पैदा करने के लिए मैदानी अमले को भी नसीहत दी गई है। सभी बीट प्रभारियों को अपने इलाकों में होने वाली घटनाओं पर कड़ी कार्रवाई करने, गुंडे बदमाशों के खिलाफ लगातार अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

## 21 हजार रुपए की देशी शराब बरामद

**जागरण, इटारसी।** मोरपानी गांव से दो लोगों के पास से पुलिस ने 21 हजार रूपए की देशी शराब एवं बाइक बरामद की है। केसला थाना क्षेत्र स्थित मोरपानी ग्राम निवासी 22 वर्षीय धर्मेन्द्र कटारे और 25 वर्षीय संजय मसकोले को केसला पुलिस ने अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि वह बाइक से देशी शराब लेकर अवैध रूप से बेचने के लिए जा रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उन्हें मरियारपुरा रोड पर पकड़ लिया। उनके पास से देशी शराब के 305 क्वाटर बरामद किए गए, जिनकी कीमत 21 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में साठ हजार कीमत की बाइक भी बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बीस दिनी समर कैंप का समापन बच्चों की गर्मी की छुट्टी बनी रोचक

**जागरण, इटारसी।** शासकीय पीएम श्री विद्यालय सूरजगंज में 20 दिवसीय समर कैंप का समापन स्कूल के विधायक प्रतिनिधि जसवीर सिंह छाबड़ा की उपस्थिति में हुआ।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि जसवीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि समर कैंप का उद्देश्य छात्रों का बौद्धिक एवं शारीरिक विकास करना और गर्मियों की छुट्टियों को रोचक बनाना है। खेल शिक्षक विनोद दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि समान कैंप में ड्राइंग एवं चित्रकला का प्रशिक्षण राजबाई शर्मा एवं उषा ऊइके द्वारा दिया गया। खेल शिक्षक दुबे ने बताया कि डांस और नृत्य का प्रशिक्षण रिमी सिंग, पणिता पटेल द्वारा दिया गया। रंगोली में अर्चना सिंह, गीता सुतार द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। पेंटिंग में प्रीति शिवहरे एवं दुर्गा झारबडे द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। संस्कृत कार्यक्रम में विनीता दुबे, श्रीदेवी सराठे द्वारा विभिन्न कलाकृतियों का प्रशिक्षण दिया। वहीं खेलकूद गतिविधियां खेल एवं योग प्रशिक्षण शिक्षक विनोद दुबे, ओपी पटेल, ओपी तिवारी आदित्य द्वारा दिया गया। इंग्लिश स्पीकिंग का संचालन बृजेश जाटव, द्वारा किया गया। संगीत का प्रशिक्षण अतिथि शिक्षक सूरज द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में शिक्षक महेश मालवीय, प्रधान पाठक महेश रायकवार, लेखपाल हरीश पटेल, अनुराधा मिश्रा, विनय कुमार सोनिया, रेखा तोमर, जस्सी भगत, मयंक उपस्थित रहे। मंच संचालन शोभना गौर ने एवं आभार महेश मालवीय द्वारा किया गया। समर कैंप में महेश कुमार रायकवार द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## हम नहीं सुधरेंगे : आई लव इटारसी के सामने दुकानदारों ने खड़े किए वाहन




**जागरण, इटारसी।** शहर की सुंदरता में चार चांद लगाने वाले आई लव इटारसी के बोर्ड पर इन दिनों हठधर्मी लोगों ने ग्रहण लगा दिया है। शहर के प्रवेश द्वार पर लगे उक्त बोर्ड के सामने यहां के दुकानदार और कुछ हठधर्मी लोगों ने अपने दुपहिया वाहन खड़े कर दिए हैं, जिससे आई लव इटारसी का बोर्ड बदरंग जैसा प्रतीत हो रहा है। नपा प्रशासन को यहां से वाहनों को तुरंत हटाना चाहिए।

नगर पालिका कार्यालय की अनदेखी के कारण अब धीरे-धीरे अनेक सड़कों पर अतिक्रमण दिखाई दे रहा है। इतना ही नहीं नपा कार्यालय के द्वारा पुरानी नगर पालिका के बाजू में मुख्य मार्ग के किनारे पर आई लव इटारसी का बोर्ड लगाया है लेकिन देखने में आ रहा है कि यहां पर दुकानदारों के द्वारा प्रतिदिन दो पहिया वाहन खड़े कर दिए जाते हैं जिससे सड़क के किनारे होने वाले अतिक्रमण से राहगीरों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### इटारसी सुदर्शन की कार्यकारिणी गठितः चौधरी अध्यक्ष, अशोक बने सचिव

**जागरण, इटारसी।** विगत दिनों लायंस क्लब इटारसी सुदर्शन वर्ष 2025-26 की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए प्रदीप चौधरी का नाम रवि अठौत्रा द्वारा प्रस्तावित किया गया, जिसका सर्वसम्मति से संदीप तिवारी ने समर्थन किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष के साथ सचिव पद के लिए अशोक दुबे, कोषाध्यक्ष संजय दीवान, प्रथम उपाध्यक्ष के लिये सर्वसम्मति से विनोद चौरे, द्वितीय उपाध्यक्ष सुखमित सोखी को चुना गया। नवीन कार्यकारिणी का कार्यकाल जुलाई 2025 से जून 2026 तक रहेगा।

### मछली मार्केट बनाने मिलेगी 5 लाख की राशि

**जागरण, इटारसी।** सोमवार को मत्स्य व्यापारी संघ इटारसी के व्यापारियों ने अपनी वर्षो पुरानी मांग पूरी होने पर विधायक डॉ. सीताशरन शर्मा के कार्यालय में जाकर आभार व्यक्त किया। मत्स्य व्यापारी संघ अध्यक्ष मोहन रायकवार ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व एक कार्यक्रम में विधायक ने मछली मार्केट बनाने के लिए 5 लाख रुपए विधायक निधि से देने की घोषणा की थी। मत्स्य व्यापारियों ने विधायक डॉ. शर्मा एवं नपाध्यक्ष पंकज चौरे का आभार व्यक्त कर मछली मार्केट को जल्द से जल्द निर्माण करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर मनोज दास, सुन्नू रायकवार, लालू रायकवार, सचिन रायकवार, आदि उपस्थित रहे।

## एकलव्य स्कूल में बच्चों को रनिंग, फिटनेस की जानकारी दी और बताया खेलों का महत्व

**जागरण, इटारसी।** इन दिनों इटारसी क्रिकेट संघ और कैडबरी क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में एकलव्य इंटरनेशनल स्कूल के सहयोग से क्रिकेट शिविर आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को बच्चों को रनिंग और फिटनेस कराया गया, उसके बाद एक ग्रुप को ओपन नेट्स और दूसरे ग्रुप को क्रिकेट की ड्रिल कराई गई। बच्चों ने उत्साहित होकर सभी गतिविधियों को संपन्न किया। आज मुख्य अतिथि के रूप में सिंधी समाज के प्रमुख धर्मदास मिहानी और पूर्व क्रिकेटर सुनील औरंगाबादकर उपस्थित थे। उन्होंने बच्चों को खेल के फायदे और सामाजिक ज्ञान के बारे में जानकारियां दी।



## समग्र आईडी सुधरवाने में आ रही कठिनाई की शिकायत

**जागरण, इटारसी।** शहर के नगर पालिका कार्यालय परिसर में 20 मई को सुबह 11 से 1 बजे तक हर माह के तीसरे मंगलवार की तरह इस बार भी जनसुनवाई आयोजित की गई।

इस दौरान जनसुनवाई में तहसीलदार शक्ति सिंह तोमर, डिप्टी कलेक्टर नायब तहसीलदार प्रियंका भल्लवी, सीएमओ रितु मेहरा, महिला बाल विकास अधिकारी दीप्ति शुक्ला की मौजूदगी में जनसुनवाई की गई। जिसमें करीब एक दर्जन शिकायत आवेदन को जनसुनवाई में मौजूद अधिकारियों के समक्ष रखकर उनसे शिकायतों के समाधान की मांग की गई। 12 शिकायतों में से अधिकांश शिकायत है नगर पालिका कार्यालय की होने की वजह से मूलभूत सुविधाओं संबंधी समस्याओं का निराकरण कराया गया। तीसरे मंगलवार को नगर पालिका कार्यालय परिसर में आयोजित की गई जनसुनवाई को लेकर तहसीलदार शक्ति सिंह तोमर एवं डिप्टी कलेक्टर नायब तहसीलदार प्रियंका भलावी ने विस्तृत जानकारी दी है।

देखने में आ रहा है कि शासकीय विभागों में चल रही लेटलतीफी के चलते आम नागरिकों की समस्या लंबे समय तक लंबित रहती है।

#### निर्माण | रेलवे पुल के नीचे अधूरा पड़ा निर्माण, बॉयपास सड़क से मुश्किल भरा हुआ आवागमन

# सोनासांवरी रेलवे गेट पर बन रहा 600 मीटर लंबा ब्रिज

**जागरण, इटारसी।** इन दिनों सोनासांवरी रेलवे फाटक पर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है, जिससे लोगों को खेड़ा क्षेत्र में पहुंचने पर लंबा फेरा लगाना पड़ रहा है, क्योंकि खेड़ा हाइवे को जोड़ने वाली बायपास सड़क का अधूरा निर्माण है, यहां रेलवे पुल के नीचे से होकर मार्ग गया है जो कि कच्चा होने की वजह से बारिश के दिनों में यहां से आवागमन बंद जाता है। छह सौ मीटर लंबा ब्रिज बनने में अभी समय लगेगा, जिसके बनने के बाद ही राहगीरों को राहत मिल सकेगी।

सोनासांवरी रेलवे गेट पर 600 मीटर लंबा ओवरब्रिज बनेगा। ब्रिज बनाने का सर्वे 6 साल पहले हुआ था। 2 साल पहले शासन ने बजट में इसके लिए टोकन राशि भी दे दी थी। सोनासांवरी रेलवे गेट पर रेलवे ट्रेक से करीब 9 मीटर ऊंचाई पर ओवरब्रिज का निर्माण किया जाना है और उसकी लंबाई करीब 600 मीटर होगी। ब्रिज बनने के बाद यहां से आने-जाने वाले हजारों लोगों को फायदा होगा। उल्लेखनीय है कि न्यास कॉलोनी बॉयपास रोड से रेलवे पुल के रास्ते खेड़ा स्टेडियम पहुंच मार्ग का निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन रेलवे पुल के नीचे निर्माण पर रोक से इस रास्ते का फायदा लोगों को अब भी नहीं मिल पा रहा है। बारिश से पुलिया के नीचे सड़क कीचड़ और दलदल में बदल गई है। जिससे लोग आना-जाना नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में ओवरब्रिज या फिर गरीबी लाइन के अंडरब्रिज से घूमकर आना पड़ रहा है।



### जनवरी 2016 में हुआ था सर्वे

ब्रिज कॉर्पोरेशन ने जनवरी 2016 में सोनासांवरी रेलवे गेट क्रमांक 226 और धरमकुंडी रेलवे गेट क्रमांक 222 का सर्वे किया था। इस सर्वे के बाद इसका एस्टीमेट बनाकर राज्य शासन को भेजा गया था। जो एस्टीमेट भेजा गया था उस वक्त वह करीब 12 करोड़ का प्रोजेक्ट था मगर विभाग का एसओआर बदलने से उसकी लागत बढ़ गई जिसके बाद यह प्रस्ताव नए एस्टीमेट के साथ दोबारा भेजने का निर्णय हुआ था। लोक निर्माण विभाग ब्रिज ने दूसरी बार में इसका 22 करोड़ रुपए नया एस्टीमेट तैयार किया था और ड्राइंग डिजाइन सहित डीपीआर शासन को भेजी थी।

### हाइवे 69 पर बन रहे ब्रिज से मिलेगी राहत

पवारखेड़ा से खेड़ा होते हुए जुझारपुर तक बनाया जा रहा बॉयपास ट्रैक का काम जल्द पूरा कर लिया जाएगा। ज्ञात हो कि रेल बजट 2021-22 में इटारसी व होशंगाबाद रेलवे क्षेत्र में विकास के लिए 175 करोड़ रुपए का बजट आवंटन किया गया। जिसमें पवारखेड़ा से जुझारपुर तक सिंगल लाइन फ्लाइओवर के लिए 155 करोड़ रुपए और इटारसी से बुधनी तक थर्ड लाइन के लिए 20 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया। बायपास रेलवे ट्रैक बनने से भोपाल से नागपुर की तरफ आने और आने वाली सभी थ्रू ट्रेनों को चलाया जाएगा। इसके अलावा मालगाड़ियों को भी सीधे इसी ट्रैक से चलाया जाएगा। जिसका सबसे ज्यादा फायदा इटारसी स्टेशन को होगा।

## पीपीटी के बच्चों को बताया कैसे करें प्लेसमेंट की तैयारी




**जागरण, इटारसी।** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में मंत्र इनिशिएटिव के अंतर्गत मेंटरशिप कार्यक्रम प्राचार्य आरके चोलकर के संरक्षण एवं नोडल अधिकारी श्रीमती पल्लवी नरवरे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

संस्था के मैटर योगेश बरकने प्रशिक्षण अधिकारी एवं कृष्ण कुमार अहिरवार फोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संस्था के विद्यार्थियों को अपने विद्यार्थी जीवन के 3 वर्षों के पठन-पाठन के अनुभव साझा किए गए। प्लेसमेंट की तैयारी कैसे करें, नवीन कंपनियों की जानकारी, उनके मापदंड, पैकेज एवं पात्रता से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया इसी अनुक्रम में परीक्षा की तैयारी कैसे करें इस पर चर्चा, समय प्रबंधन, उच्च शिक्षा संबंधी विषयों पर मैटर द्वारा विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्था से लोकेंद्र सिंह बनाफर, रामकुमार उइके, नीलेश गौर, श्रीमती शिवांगी मालवी एवं संस्था के 100 से भी अधिक विद्यार्थी स्मार्ट क्लास रूम में उपस्थित रहे।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, इटारसी**

**इश्तहार/प्रेस-विज्ञप्ति**

**रा.प्र.क्र. 0015 अ-20(3) वर्ष 2025-26**

आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदकगण श्रीमति मीना शर्मा पत्नि स्व. हरिकृष्ण शर्मा एवं अन्य-3 निवासी वार्ड नं 29 विपिन नगर भारत टॉकिज के पास इटारसी तह. इटारसी ने इस आशय का आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109, 110 म.प्र. भू. रा. संहिता प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि नजूल शीट नं. 09 प्लाट नं. 9/2 एवं 18 कुल रकबा 2693 वर्गफुट भूमि जो नजूल अभिलेख में आवेदक क्रमांक-1 के पति एवं 2 लगायत 4 के पिता हरिकृष्ण शर्मा आ. लालचंद शर्मा के नाम दर्ज है। आवेदकगणों के पति/पिता हरिकृष्ण शर्मा आ. लालचंद शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 28/08/2022 को हो गया है एवं आवेदकगण हरिकृष्ण शर्मा के विधिक वारसान होकर पत्नि पुत्र एवं पुत्री हैं। आवेदकगण उक्त वर्णित भूमि पर विधिक वारसान की हैसियत से अपना नाम दर्ज कराना चाहते है। अतः आवेदकगणों द्वारा उक्त वर्णित संपत्ति पर फौती आधार पर वारसान हक में नजूल अभिलेख में आवेदकगणों का नाम दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है।

आवेदकगण के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपत्ति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 21/05/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपत्ति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा।

नोट : नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी।

**नजूल अधिकारी,**
**इटारसी**

## न्यूज कार्नर

### निविदा को निरस्त किए जाने की मांग

**बैतूल।** शासकीय बगडोना कॉलेज में निकाली गई सिक्यूरिटी गार्ड की निविदा में अनिमितता बरतने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत मंगलवार को एडी सेफ्टी स्कवाड प्राइवेट लिमिटेड ने कलेक्टर से की है। आवेदन के माध्यम से एडी सेफ्टी स्क्वाड प्राइवेट लिमिटेड बैतूल डायरेक्टर नरेश मालवीय ने बताया कि गवर्मेंट कॉलेज सारणी में सिक्यूरिटी गार्ड की निविदा निकालने के बाद 19 मई 2025 को ऑफलाइन निविदा भरी गई थी। कॉलेज जन भागीदारी समिति द्वारा बिना कंपनी फर्म के निविदाकारो को आमंत्रित करे बगैर लिफाफे खोले गए है। जिसमें मानदेय लिखा गया था। वहीं भारी अनिमितता होने की संभावना है। आवेदन निविदा को निरस्त करवाकर दोबारा आमंत्रित किए जाने और निविदा को खोलने से पहले निविदाकारों को आमंत्रित किए जाने की मांग की है, ताकि निविदा सही पारदर्शिता के साथ संपन्न हो सके।

### भडूस से केदारनाथ धाम के लिए जत्था रवाना

**बैतूल।** क्षेत्र की उन्नति की कामना को लेकर ग्राम पंचायत भडूस से श्रद्धालुओं का जत्था केदारनाथ धाम के दर्शन के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर सोमवार की रात्रि 11 बजे रेलवे स्टेशन पर जनपद पंचायत सदस्य अकलेश वाघमारे, ओमकार वाघमारे, राहुल वाघमारे, निखिल पॉवर और महेश पाटिल ने केदारनाथ धाम यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को पुष्प माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। जनपद पंचायत सदस्य श्री वाघमारे ने बताया कि यह जत्था बाबा केदारनाथ के दर्शन के लिए बैतूल रेलवे स्टेशन से रात्रि 11 बजे रवाना हुआ। यात्रा के दौरान सभी श्रद्धालु बाबा केदारनाथ से क्षेत्र की उन्नति और समृद्धि की कामना कर रहे हैं। इस यात्रा के लिए सभी श्रद्धालु अत्यंत उत्साहित हैं और उनकी श्रद्धा और भक्ति इस यात्रा के माध्यम से बाबा केदारनाथ तक पहुंचेगी। केदारनाथ धाम यात्रा में निशांत बर्दे, कार्तिक बचले, राहुल पवार, राजा अमझरे, सेवाक्रम अमझरे, संतोष खड़िया, सचिन अमझरे, राहुल खड़िया, महादेव सेंद्रे, नीलेश पाटील, सूरज मानकर, धनराज मनकर, राहुल अमझरे, महेश पाटिल, निखिल राजपूत और गौरव ताइवाडे श्रद्धालु शामिल हैं।

# झांकीबाज नेता टेंशन में, किसी भी इवेंट के लिए जिलाध्यक्ष की सहमति जरूरी

## एकजुटता लाने के लिए प्रदेश कांग्रेस का आदेश

**बैतूल जागरण।** कांग्रेस की राजनीति में सब अपनी मनमर्जी के मालिक माने जाते हैं और मनमर्जी करने के चक्कर में यह देखने में आता है कि नेता पार्टी हित और जन सरोकार को भी ताक पर रख देते हैं। हालात यह है कि जिला संगठन की जानकारी के बगैर ही पदाधिकारी और अनुशांगिक संगठन अपनी अलग ही दुकान सजाने लगते हैं। इस स्थिति को देखते हुए प्रदेश संगठन ने एक आदेश जारी किया है, जिसका लब्बो लुआब यह है कि बिना जिला कांग्रेस अध्यक्ष की सहमति और चर्चा के कोई भी पदाधिकारी या अनुशांगिक संगठन किसी भी तरह का इवेंट या मूवमेंट नहीं कर सकता है।

यह आदेश प्रदेश संगठन मंत्री डॉ संजय कामले ने जारी किया है। 14 मई को जारी इस पत्र में उन्होंने सभी प्रदेश अध्यक्ष, मोर्चा संगठन सहित विभाग एवं प्रकोष्ठ प्रमुख को निर्देशित किया है कि मप्र कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत समस्त मोर्चा संगठन विभाग एवं प्रकोष्ठ मुख्य कांग्रेस संगठन के अंतर्गत ही संचालित है। इसी तरह जिला स्तर पर भी समस्त मोर्चा संगठन मोर्चा विभाग प्रकोष्ठ जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत ही कार्य करते हैं। यह जिला कांग्रेस के समांतर संचालित नहीं है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी को निरंतर जानकारी प्राप्त हो रही है कि



कई जिलों में मोर्चा संगठन एवं जिला कांग्रेस कमेटी के बीच समन्वय स्थापित नहीं है। कई जगह मोर्चा संगठन, कांग्रेस के समांतर संगठन की तरह कार्य करते हैं। उक्त संबंध में जिला स्तर पर गठित समस्त जिला इकाइयों और पदाधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि उनके द्वारा जिले में किए जाने वाले किसी भी कार्यक्रम से पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष से चर्चा करना सुनिश्चित करें। साथ ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी को दिए गए कार्यक्रमों को पृथक से नहीं करते हुए उनमें सहभागी बनना अनिवार्य है एवं जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संपादित किए जाने वाले अन्य कार्यक्रमों में भी साथियों के साथ पूर्ण सहयोग प्रदान करते हुए कार्यक्रम में शामिल होना है। प्रदेश कांग्रेस द्वारा जिला कांग्रेस को मजबूत और कांग्रेसियों को एकजुट करने के लिए यह आदेश जारी किए गए हैं। इस आदेश से उन नेताओं में खलबली है जो जिला कांग्रेस के इतर अलग ही अपनी नेतागिरी चलाते हैं और अन्य तरह की गतिविधियों में संलग्न रहते हैं।

### बैतूल जिले के परिपेक्ष में इस आदेश के मायने....

01. बैतूल जिले में कुछ पूर्व विधायक है जो जिला कांग्रेस के कार्यक्रम और आंदोलनों में नदारद नजर आते हैं और वे भविष्य में भी टिकट चाहते हैं। उनके लिए अब जरूरी हो जाएगा कि वे जिला कांग्रेस के साथ चले।

02. बैतूल जिले में कई ब्लाक अध्यक्ष और पदाधिकारी ऐसे हैं, जो पूर्व से बने हुए हैं। वे जिला कांग्रेस के कार्यक्रम से ज्यादा अपने आकाओं के आसपास तक ही गतिविधियां रखते हैं।

03. कुछ पदाधिकारी तो ऐसे भी है जो पार्टी में ही गुटबाजी के लिए सक्रिय रहते हैं। कभी इस गुट के साथ तो कभी उस गुट के साथ जुगलबंदी कर अलग ही तरह की स्वार्थ प्रेरित राजनीति करते दिखाई देते हैं। उन्हें कांग्रेस के मजबूत होने से ज्यादा अपने मजबूत दिखने की तिकड़म में लगा देखा जाता है।

04. कुछ पदाधिकारी ऐसे हैं जो किसी भी कार्यक्रम या आंदोलन में अकेले आते हैं और फोटो सेशन कराने और मीडिया मैनेजमेंट के मामले में एक्सपर्ट है। वे तिकड़म से आंदोलन को हाई जैक करने से भी पीछे नहीं हटते हैं।

05. कांग्रेस में हर पदाधिकारी का अपना अहम और स्वार्थ है। वे इस के लिए किसी भी स्तर पर जाते हैं।

# कांग्रेस पार्षदों ने कहा- नपाध्यक्ष के वार्ड में ही हो रहे ज्यादा काम



**मुलताई जागरण।** मुलताई नगर के भगतसिंह वार्ड मे मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत 20 सड़को एवं 5 नालियों का निर्माण किया जाना है, जबकि कांग्रेस पार्षदों के वार्डो मे विकास कार्य नहीं हो रहे है विकास कार्यों को लेकर हो रहे पक्षपात को लेकर कांग्रेस के 4 पार्षदों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीरेंद्र तिवारी को मंगलवार ज्ञापन सौंपकर जांच कर कार्रवाई की मांग की गई। कांग्रेस पार्षद नीतू परमार, वंदना साहू, अंजलि शिवहरे, निर्मला उबनारे द्वारा सौपे गए ज्ञापन मे बताया नगर मे मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत नगर पालिका अध्यक्ष एवं तत्कालीन अधिकारियो द्वारा साठ गांठ कर कुछ वार्ड में अधिक कार्य एवं कुछ वार्ड मे नाम मात्र के कार्य लिए है जिसकी जानकारी कांग्रेस पार्षदो को नहीं है, भगतसिंह वार्ड मे 20 सड़कें एवं 5 नालिया बनाए जाने कि जानकारी मिली है ज्ञापन मे आरोप लगाए कि मनोनीत अध्यक्ष पद का दुरूपयोग कर पक्षपात रूप से कार्य कर रही है जबकि उक्त कार्य कि स्वीकृति के लिए कोई बैठक या पार्षदों से सुझाव नहीं लिए है पार्षदों ने विकास कार्यों कि जांच कर सभी वार्डों के लिए समान बजट वितरण की मांग कर विकास कार्य की डीपीआर तैयार कर नियमानुसार कार्य कराने कि मांग की है।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 25 मई को

**बैतूल।** आदिम कल्चर एंड वेलफेयर सोसाइटी तथा घोड़ाडोंगरी के समाजसेवियों के सहयोग से एलएन मेडिकल कॉलेज एवं जेके हॉस्पिटल भोपाल द्वारा एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 25 मई को घोड़ाडोंगरी के बालाजी लॉन रेलवे स्टेशन के पास सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। डॉ. मनोज वरवरे ने बताया कि शिविर में हृदय रोग, किडनी रोग, लीवर रोग का इलाज होगा।

### 26 लोगों ने किया रक्तदान

**बैतूल।** जिला चिकित्सालय के रक्त विभाग से जैसे ही रक्त की कमी की जानकारी जैन युवा संघ के पदाधिकारियों को दी गई, वैसे ही उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्परता दिखाई। संघ के पदाधिकारी विनीत गोठी और प्रणय मरोठी को अस्पताल से फोन पर रक्त की कमी की सूचना दी गई थी। उन्होंने इसे जीवनदायिनी जिम्मेदारी के रूप में लिया और कुछ ही घंटों के भीतर 26 लोगों से रक्तदान करवाकर रक्त की जरूरत को पूरा कर दिया। इस पुनीत कार्य में सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। रक्तदान करने वालों में विशाल लोहाड़िया, प्रतिभा लोहाड़िया, अरुण गोठी, साधना गोठी, मुकेश गोठी, यश गोठी, तेजल गोठी, अक्षय सिंह, कुशल मेहता, कवि वाघमारे, कमलेश सोनी, अमित बोथरा, राम शंकर गोहे, हर्षित गोठी, निखिल अग्रवाल, श्वेता जैन, अंकुर तातेड, विनय सुराणा, तनिषा जैन, रचना मेहता, राहुल राठौर, चिराग वोरा, प्रणय मरोठी, विनीत गोठी, रामशंकर गाडगे और सिद्धार्थ गोठी का नाम शामिल है। इस विशेष रक्तदान में तनीषा जैन, कुशल मेहता और कवि वाघमारे ने पहली बार रक्तदान कर नई मिसाल पेश की। जैन समाज द्वारा आयोजित यह रक्तदान शिविर मोती ज्वेलर्स के सामने लगाया गया था। जैन समाज के लोगों ने रक्तदाताओं को बधाई दी और उनके इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। जैन समाज के वरिष्ठ सदस्य सतीश पारख ने बताया कि आज 21 मई को बोथरा क्लाथ के सामने शिविर लगाने की योजना बनाई गई है।

# सीएमओ ने किया ताप्ती तट का निरीक्षण



**जागरण, मुलताई**

मुलताई। नगर के मध्य स्थित मां ताप्ती सरोवर का नगरपालिका सीएमओ द्वारा द्वारा निरीक्षण कर ताप्ती सरोवर के घाटों की सीढ़िया पर जमी काई साफ करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि प्रतिदिन ताप्ती सरोवर मे स्नान करने वाले श्रद्धालुओं बड़ी संख्या मे पहुंचते है। लेकिन ताप्ती सरोवर के घाटों कि सीढ़ियों पर काई जमा होने के कारण दुर्घटना का भय बना रहता है। जिसे देखते हुए सीएमओ ने घाटों कि काई साफ कराने के निर्देश दिए है वहीं ताप्ती सरोवर मे परिक्रमा मार्ग का कचरा उड़ कर नहीं पहुंचे जिसके लिए सरोवर के तीनो ओर लगी रेलिंग मे नीचे कि ओर जाली लगाने के निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान ताप्ती सरोवर मे मछलिया मरी हुई मिलने पर सरोवर मे पोटेशियम परमेगनेट डालने के निर्देश दिए है। सरोवर के सौन्दर्यकरण को देखते हुए ताप्ती परिक्रमा मार्ग पर चारो ओर सुंदर पौधों के गमले रखने के भी निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान उनके साथ उपयंत्री योगेश अनेराव, महेश त्रिवेदी, जीआर देशमुख उपस्थित रहे।

### बुद्धिस्ट सोसायटी ने किया अतुलकर का सम्मान

बैतूल। दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया ने सेवा निवृत्त न्यायाधीश किसना अतुलकर को जिला शिकायत निवारण प्राधिकरण, बैतूल का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आयु. संदीप पाटिल के नेतृत्व में सोसायटी का प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्ट्रेट पहुंचा और श्री अतुलकर से सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने श्री अतुलकर को पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रतिनिधिमंडल में जिला महासचिव कमलेश उबनारे, सचिव दिनेश मालवीय, दिनेश पाटिल, संगठन मंत्री मनोज गुजरे, विनोद दवंडे, डॉ. सोनारे एवं बबलू महाले उपस्थित रहे।

# यूपीएससी परीक्षा में 362 वीं रैंक प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित करने वाले शैलेन्द्र चौधरी का सम्मान

**जागरण नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका व सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार की विशेष मौजूदगी में गत दिवस शासकीय महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विदित है कि नरसिंहपुर के श्री शैलेन्द्र चौधरी ने यूपीएससी परीक्षा में 362 वीं रैंक पास्र की है। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती पटले ने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि आज समाज में सुविधाओं में वृद्धि तो हुई हैए किंतु अनेक स्तरों पर परिस्थितियां और जटिल हो गई हैं। युवाओं को इन जटिलताओं से पार पाने के लिए प्रयास करने होंगे। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि कठोर परिश्रम और मेहनत से हीरा बनता है। उसका परिणाम आज देखने को मिला है। उन्होंने श्री शैलेन्द्र चौधरी को आगे की यात्रा के लिए शुभकामनायें दी। कलेक्टर ने कहा कि श्री शैलेन्द्र चौधरी ने जिस परिश्रम से यहां तक का सफ़र तय किया है ठीक उसी तरह विद्यार्थी भी कठोर परिश्रम



करके अपने आप को इस काबिल बनायें। उन्होंने कहा कि आपको स्वयं निर्णय लेना होगाए कि आप क्या बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा के एक घंटे पहले अध्ययन करोगे तो एक. दो नंबर आयेगा और बाकी के दिमाग से लिखकर कुछ नंबर अर्जित कर पायेंगे। आज वही समय है कि हम अपने जीवन को किस प्रकार से निर्णय ले सकेंगेए जिससे आगे चलकर उससे हमें कितना फायदा होगा। उन्होंने कहा कि अपने सपने को साकार करने के लिए कठोर परिश्रम करना पड़ेगा। पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका ने बताया कि आज इस समारोह के आयोजन का उद्देश्य युवाओं को यह एहसास कराना है कि सभी के भीतर कुछ विशेष गुण विद्यमान होते हैं। केवल इन विशेष गुणों को पहचान कर जीवन में आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम आयोजन करने का उद्देश्य है कि विद्यार्थी इनसे सीखकर हम प्रेरणा ले सकें। उन्होंने कहा कि श्री चौधरी मेहनत और लगन से इस मुकाम तक पहुंचे हैंए तो आप भी लगन और मेहनत से इस मुकाम तक पहुंच सकते हैं। अपने सपने को साकार करने के लिए मेहनत करें। उन्होंने कहा कि आपको भी अपने ऊपर विश्वास होना चाहिये कि हम भी यह कर सकते हैं। सीईओ जिला पंचायत ने भी यूपीएससी से जुड़े अपने अनुभवों को विद्यार्थियों से साझा किये और मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में यूपीएससी में चयनित श्री शैलेंद्र चौधरी ने अपनी इस सफलता की यात्रा में आने वाली बाधाओं और उनसे निपटने की रणनीति पर विस्तार से बताया। साथ ही विद्यार्थियों के यूपीएससी में चयन से संबंधित विभिन्न प्रश्नों एवं समस्याओं का समाधानपूर्वक उत्तर दिया इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा शर्मा उप संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती अंजना त्रिपाठी पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के डॉ प्रभ्रति सेन श्रीमती प्रीति कौरव महिला महाविद्यालय के एलएन रजक डॉ यतीन्द्र महोबे श्रीमती लला बाई लोधी डॉ दीपिका चक्रवर्ती सत्यव्रत गरनायक डॉ मनाक्षी सोभरि अन्य प्राचार्य और विद्यार्थी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रज्ञा गुप्ता ने किया।

# मैजिकल लाइफ पैटर्निंग टेक्निक प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



**जागरण गाड़रवारा।** गायत्री शक्तिपीठ पर लाइफचेंजिंग कार्यक्रम के अन्तर्गत गायत्री परिवार द्वारा मैजिक लाइफ पैटर्निंग टेक्निक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। एक दिवसीय प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर लखनादौन से आ प्रीतम सिंह पटेल द्वारा नकारात्मकता को डिलीट करने एवं सकारात्मकता को एक्टिव करने की माइंड कमांड प्रोसेस की प्रक्रिया को सहभागियों सहित करके दिखाया गया। साथही प्रक्रिया के अभ्यास से आर्थिक सामाजिक तथा नैतिक आध्यात्म सहित सभी क्षेत्रों में उपलब्धि मिलने निरोगता बुद्धि तीव्रता के लिए कारगर बताया सर्वप्रथम मां गायत्री पूजन के साथ तहसील समन्वयक राजेश कौरव विनोद श्रीवास्तव द्वारा मास्टर ट्रेनर तथा सभी उपस्थित सहभागियों का तिलक पुष्पहार से स्वागत कियाए ड्रॉ राजेन्द्र दुबे द्वारा प्रशिक्षण माड्यूल पर चर्चा की गई तत्पश्चात पूर्ण शांत वातावरण में प्रशिक्षण संचालित किया गया। प्रशिक्षक पटेल ने बताया कि मैजिकल लाइफ पैटर्निंग के अद्भुत सफ़र से जीवन में सुख शांति समृद्धि सभी कुछ पाया जा सकता है यह कोई कल्पना नहीं साधारण तकनीक नहींए बल्कि एक विज्ञान और मनोविज्ञान पर आधारित माइंड कमांड प्रक्रिया है जो आपके विचारों भावनाओं और आदतों के सकारात्मक पक्ष को मजबूती प्रदान करती है जीवन को यूनिवर्सल ऊर्जा कनेक्टिविटी प्रदान करती है। पूज्य गुरुदेव पंडित श्री राम शर्मा आचार्य जी द्वारा लिखित साहित्य सेए तथा शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित जीवन जीने की कला प्रोग्राम से विस्तृत जानकारी ली जा सकती है। गायत्री परिवार द्वारा आयोजित हैल्थए वैल्थ रिलेशन ग्रोथ सक्सेस के नये पैटर्न डेवलपमेंट के इस प्रोग्राम में शिक्षक मुन्नी लाल वर्मा पुरुषोत्तम पटेल मूलचंद शर्मा शिक्षक नागेन्द्र त्रिपाठी मधुसूदन पटेल आशीष सक्सेना राहुल सोनी गोविन्द कौरवभाव सिंह वर्माए रमाकांत गुप्ताए के अलावा श्रीमती पुष्पा वर्मा किरण विश्नोई ने भाग लिया।

### 22 मई को महिला एवं पुरूष नसबंदी शिविर

**नरसिंहपुर।** राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत आवश्यकता पूर्ति के लिए जिले में माह मई 2025 में जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में महिला एवं पुरूष नसबंदी. एनएसव्हीटी् एलटीटी फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल चिन्हांकित किया गया है। फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल पर नियमानुसार मानकों के आधार पर सेवा दी जायेगी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि नरसिंहपुर जिला एवं जिले के बाहर के नसबंदी के हितग्राहियों के लिए 22 मई 2025 को जिला चिकित्सालय में महिला एवं पुरूष नसबंदी. एनएसव्हीटी् एलटीटी फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल चिन्हांकित किया गया है। शिविर स्थल पर मरीज का पंजीयनए शिविर के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी जांच पैथौलॉजी ऑपरेशन शिफ्टिंग एवं डिस्चार्ज समस्त व्यवस्थायें एवं आवश्यक दवाईयां की व्यवस्था शहरी एवं स्वास्थ्य केन्द्र नरसिंहपुर द्वारा की जावेगा।

# सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने गुर्जर समाज हो रहा लामबंद



**गाडरवारा जागरण।** गुर्जर समाज की कुरीतियों को खत्म करने के लिए गुर्जर समाज की बैठक का आयोजन गुर्जर विकास समिति द्वारा गाडरवारा के अशोका गॉर्डन में किया गया। समाज में चलने वाली कुरीतियों में सुधार के लिए सुझाव लिए गए एवं जल्द ही सामाजिक संविधान का निर्माण किया जाएगा। इसको सम्पूर्ण गुर्जर समाज कर्तव्य की तरह पालन करेगी। सामाजिक जनों ने कहा कि बदलते दौर के साथ समाज की कुरीतियों में बदलाव जरूरी है। इसमें प्रमुख रूप से किसी के निधन पर तेरहवीं सीमित तरीके से होनेए सामाजिक शादी विवाह में दिखावा कम हो जैसे अनेक विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में बड़ी संख्या में गुर्जर समाज के लोग उपस्थित रहे।

# आजीविका मिशन से जुड़कर ग्यारसी बाई हुई आर्थिक सशक्त

**जागरण नरसिंहपुर।** अभावग्रस्त परिवार में तंगी का जीवन जी रही जिले के सांईखेड़ा की श्रीमती ग्यारसी प्रजापति खुद को असहाय महसूस कर रही थी। उनके परिवार में उनके पति और परिवार के अन्य सदस्य खेती, मजदूरी और मटका व मूर्ति बनाकर अपने परिवार का भरण. पोषण करते थे। उनका बालक भी मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण में सहायता करता था श्रीमती प्रजापति बताती हैं कि मजदूरी और अन्य कार्यों से उनके परिवार को लगभग 50 से 60 हजार रुपये साल भर में मिल पाते थे। इतने कम पैसों से घर चलाना बहुत मुश्किल होता था। कभी कभी तो उन्हें और उनके परिवार को लोगों से ब्याज पर ऋण लेने की नौबत भी आ जाती थी ए जिसे चुकाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती थी। श्रीमती ग्यारसी प्रजापति अच्छे भविष्य का सपना अपनी आँखों में देख रही थी। एक समय था श्रीमती प्रजापति कभी अपने परिवार का खर्च चलाने के लिए संघर्ष कर रही थीए लेकिन आज वह लखपति दीदी बन चुकी हैं। ये सब मुमकिन हुआ मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वसहायता समूह के माध्यम से जिसने श्रीमती प्रजापति को इसके लिए मदद की। श्रीमती प्रजापति बताती हैं कि



उन्हें सहायक विकासखंड प्रबंधक आजीविका मिशन के माध्यम से आजीविका मिशन से जुड़ने की सलाह दी गई। स्वसहायता समूह से जुड़कर होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। इससे प्रेरित होकर वह बजरंग स्वसहायता समूह से जुड़ी। उनके समूह में 10 से 11 महिलायें हैं। समूह ने छोटी. छोटी बचत करना शुरू किया। उनके समूह को कैंनरा बैंक के माध्यम से 6 लाख रुपये का लोन दिया गया। श्रीमती ग्यारसी बाई के मन में एक विचार आया कि उनका बेटा मिस्त्री का काम करता है। उन्होंने अपने बालक के लिए स्वसहायता समूह से 4 लाख रुपये लिये। इस राशि से उन्होंने मिक्सर मशीन की खरीदी गई। मिक्सर मशीन आ जाने से उनके बेटे को निर्माण कार्य के काम मिलने लगे। उन्होंने सड़क निर्माण, नाली निर्माण एवं अन्य मकान संबंधी कार्यों में मिक्सर मशीन से मसाला बनाने का कार्य मिलने लगा। इसके बाद उन्होंने मिक्चर मशीन को लाने. ले जाने के लिए ट्रेक्टर खरीदा। श्रीमती प्रजापति बताती हैं कि साधारण दिनों में उन्हें मिक्सर मशीन के माध्यम से 20 हजार रुपये की मासिक आय हो जाती है जब ज़्यादा काम मिल जाता है तो लगभग हजार रुपये महिने में कमा लेती हैं। पहले जहां साल भर में कड़ी मेहनत करने के बाद केवल 50 से 60 हजार ही कमा पाती थी, अब उनकी सालाना कमाई 4 से 5 लाख रुपये हो गई है। उनका पूरा कर्जा भी चुकता हो गया है। श्रीमती प्रजापति कहती हैं कि अब परिवार की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हो गया है। उन्हें अब स्थायी स्वरोजगार प्राप्त हो गया है। इससे वे अपना और अपने परिवार का भरण. पोषण अच्छे से करती हैं। इसके लिए वे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को धन्यवाद देते हुए आजीविका मिशन की सराहना करती हैं।

**न्यायालय तहसीलदार प्रभातपट्टन जिला बैतूल म.प्र.**

रा.प्र.क्र. 435ब/121/2024-25 नियत दि. 30/05/2025

अनन्तराम पिता मल्लू एवं अन्य एक ----आवेदकगण।

बनाम

जीवन पिता धनाराम वगैरह ---अनावेदकगण। 1-अमरलाल उम्र 55 साल पिता धनाराम, निवासी दातोरा तहसील प्रभातपट्टन जिला बैतूल। 2-पुष्पा उम्र 52 साल पिता नत्थू पति मूलचंद धाकड़ निवासी सातनेर तहसील भैसदेही जिला बैतूल। 3-गायत्री उम्र 44 साल पिता नत्थू पति जगदीश सूर्यवंशी, निवासी ताप्ती वार्ड श्रीकृष्ण टाकीज के सामने मुलताई जिला बैतूल। 4-सावित्री उम्र 41 साल पिता नत्थू पति गुलाबचंद खाकरे निवासी खापा एनखेड़ा तहसील आठनेर जिला बैतूल। 5-गीता उम्र 40 साल पिता नत्थू पति संजय झपाटे निवासी कोंढरखापा तहसील आमला जिला बैतूल।

आवेदकगणों ने इस न्यायालय में आप अनावेदकगणों के विरूद्ध व्य.वा.क्र. 15/21 में पारित निर्णय एवं डिक्री दि. 23/10/24 का पालन किए जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। अत: आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 30/05/2025 को समय 11.00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के मार्फत जिन्हें मामले से सम्बंधित सम्यक अनुदेश दिए गये हो मय दस्तावेजों के जो आपके कब्जे में हो के साथ उपस्थित होकर अपनी प्रतिरक्षा मे लिखित जवाब/आपत्ति प्रस्तुत करें यदि आप नियत तिथि पर उपस्थित नहीं होते है तो आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही कर आदेश पारित किया जावेगा। नियत तिथि पर यदि कोई सार्वजनिक अवकाश घोषित हो अथवा न्यायालय अवकाश पर रहे तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस पर की जावेगी।

अत: आज दिनांक 20/05/2025 को को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय मुहर लगाकर जारी।

**तहसीलदार प्रभातपट्टन**
**जिला बैतूल म.प्र.**

## न्यूज कार्नर

### सर्व ब्राह्मण समाज का सम्मान समारोह 25 मई को

**जागरण, हरदा।** सर्व ब्राह्मण समाज संगठन द्वारा परशुराम जन्मोत्सव के दौरान आयोजित किए जाने वाले सम्मान समारोह का आयोजन अब 25 मई रविवार को होगा। सर्व ब्राह्मण समाज संगठन के महामंत्री लोकेश शर्मा एवं उत्तम तेनगुरिया ने बताया कि छः दिवसीय परशुराम जन्मोत्सव के दौरान आयोजित शोभायात्रा के दिन हवा आंधी के चलते सम्मान समारोह स्थगित कर दिया गया था। यह आयोजन 25 मई को रेवा गार्डन में शाम 4 बजे से किया जाएगा। इस दौरान समाज के 10 वीं एवं 12 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान, जन्मोत्सव के दौरान सफल प्रतियोगियों का सम्मान सहित विशेष सहयोगियों का सम्मान होगा। उन्होंने बताया कि प्रविष्टि के लिए विद्यार्थी दीपक शुक्ला के पास अपना नाम दर्ज करें। संगठन के अध्यक्ष सुनील तिवारी ने सभी सामाजिक बंधुओं से आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया है।

### दस बैलों को तस्करों से छुड़ाकर गुप्तेश्वर गोशाला भेजा

**जागरण, खिरकिया।** बीती रात खिरकिया पहट कला के पास से गडरिया लोहारों के माध्यम से हो रही गौवंशों की तस्करी को छिपाबड़ थाने के टीआई आरपी कवरेती एवम बजरंग दल गौ सेवको के साथ मिलकर विफल किया, जिसमे दस बैलों को तस्करों से छुड़ाकर गुप्तेश्वर गौशाला चारूवा को सुपुर्द किया। ज्ञात हो कि गडरिया लोहार जाति के लोग अपने घरों की महिलाओं के माध्यम से गौ तस्करी करते हैं, ये लोग दो बैल गाड़ी में जोतकर और उन पर महिलाओं को बैठाकर तस्करी करते हैं। साथ ही स्वयं मोटर साइकल से गाड़ियों से कुछ दूरी पर रेकी करते हुए चलते हैं, जिनके प्रयास को थाना टीआई कवरेती ने विफल कर दस बैलों के प्राण बचाए। गुप्तेश्वर गौशाला समिति चारूवा ने थाना प्रभारी, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ गौ सेवकों के इस प्रयास की प्रशंसा की।

### मूंग खरीदी की मांग को लेकर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा



**जागरण, रहटगांव।** भारतीय किसान संघ तहसील रहटगांव ने तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम मूंग खरीदी को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जल्द से जल्द मूंग के पंजीयन चालू करने की मांग की। उन्होने कहा मूंग की कटाई चालू हो चुकी है और सभी किसान पंजीयन और मूंग खरीदी का रास्ता देख रहे हैं, अगर किसान मंडी में बेचता है तो उसे 1000-1500 प्रति क्विंटल का नुकसान होता है। ज्ञापन देते समय काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### क्रिकेट कैंप के तहत टिमरनी में मानसून कप कल से

**जागरण, टिमरनी।** एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल में संचालित किए जा रहे लेदर बॉल क्रिकेट कैंप के अंतर्गत 22 तारीख से मानसून कप का आयोजन किया जा रहा है। टिमरनी से कोच प्रमोद सिंह ने बताया कि इस टूर्नामेंट में तीन टीमें भाग लेंगी। टिमरनी, हरदा एवं ग्रामीण अंचल की तीन टीमों के बीच आपस में 2-2 लीग मैच खेले जायेंगे। इस कप का फाइनल 25 तारीख को शीर्ष 2 टीमों के बीच खेला जाएगा।

### मंगल दिवस पर आंगनबाड़ी में 6 बच्चों का जन्म दिन मनाया

**जागरण, हरदा।** आंगनबाड़ी केंद्रों में हर मंगलवार को मंगल दिवस मनाया जाता है। मंगल दिवस पर आंगनवाडी केन्द्र में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, बच्चों का अन्नप्राशन, बच्चों के जन्म दिन मनाने जैसी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती है। इसी क्रम में हरदा शहरी परियोजना के आंगनवाडी केन्द्र क्रमांक 33 में मंगल दिवस कार्यक्रम में 6 बच्चों का जन्म दिन मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को उपहार वितरित किये गये।

# मूर्तियां खंडित करने के विरोध में किया बाजार बंद, चौराहे पर धरना-प्रदर्शन

## आरोपियों का जुलूस निकालकर उन पर सख्त धाराएं लगाने की मांग





**जागरण, सिराली।** विगत 15 तारीख की रात्रि में ग्राम गोमगांव में मंदिर की मूर्तियों को खंडित कर हिंदू समाज की भावनाओं को चोट पहुंचाई गई, जिससे हिंदू समाज आक्रोशित हो गया। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर हिंदू समाज ने चेतावनी देते हुए कहा था कि अज्ञात आरोपियों को पड़कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जावे, नहीं तो आंदोलन किया जायेगा। आज कई सामाजिक हिंदू संगठनों ने बाजार बंद कर धरना प्रारंभ कर दिया।

### प्रदर्शनकारियों की यह मांग

धर्म पर चोट करने वाले असामाजिक तत्वों को पुलिस ने खोज तो निकाला और उन्हें जेल भी भेज दिया, लेकिन यह सब गुपचुप होने के कारण मामला भड़क गया और बाजार बंद कर थाने का घेराव और चक्का जाम की घोषणा की गई। चक्का जाम का नेतृत्व करने वालों की मांग है कि उन आरोपियों का जुलूस निकाला जाए, उन पर सख्त धाराएं लगाई जाये। हिंदू समाज का गुस्सा इसलिए भी भड़क गया कि करोड़ों हिंदुओं की आस्था के प्रतिक भगवान भोलेनाथ के परिवार को जिस तरह से खंडित किया गया है, उन आरोपियों पर मात्र धारा 298 एवं 151 लगाकर उन्हें जेल भेज दिया। इतने बड़े अपराध की इतनी छोटी सी सजा, जो चार दिन बाद वह वापस आकर फिर उनके हौसले बुलंद होंगे, इससे क्षेत्र में आक्रोश फैला है।

### मामले को पहलगाम से जोड़ा

सिराली बाजार सुबह से ही बंद के समर्थन में पूरी तरह बंद रहा और व्यापारी संघ का समर्थन भी पूर्ण रूप से सामाजिक संगठनों के साथ रहा। सुबह 11 बजे संगठन के लोगों ने पुराने बस स्टैंड पर धरने का टेंट ठोक दिया और सभाएं शुरू कर दी। कहीं हनुमान चालीसा तो कहीं रामधुन चलती रही। दोपहर 2 बजे करणी सेना, परशुराम सेना एवं कई नेता धरने को अपना समर्थन देने पहुंचे।

वक्ताओं ने मूर्तियों के खंडित करने की सोची समझी रणनीति बताया। सिराली व्यापारी सत्यनारायण गौर ने कहा कि हमे ऐसा प्रतीत होता है कि जिस प्रकार पहलगाम में मुस्लिम आतंकवादियों ने हिंदूओं की पहचान कर हत्या की, ऐसे ही षड्यंत्रकारियों ने मूर्ति खंडित की है। जो आरोपी पकड़े हैं उनको रिमांड लेकर अगर पूछताछ की जाए तो उसके पीछे कोई सांप्रदायिक भावना भड़काने वाला सरगना निकलेगा, लेकिन प्रशासन का रवैया अपराधियों के खिलाफ सख्त नहीं दिखा। ऐसा अपराध क्यों किया, उसकी तह तक जाना नहीं चाहा, अगर जाना चाहते तो उन आरोपियों का जुलूस निकालकर उसके पीछे कौन सरगना है उसका पर्दाफाश कर देते। यही कारण है कि क्षेत्र का हिंदू समाज पुलिस कार्रवाई से आक्रोशित है।

### मांगे नहीं मानने तक जारी रहेगा धरना प्रदर्शन

धरना स्थल पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, करनी सेना सहित अन्य हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। व्यापारियों ने भी इस आंदोलन को पूर्ण समर्थन दिया, जिसके चलते नगर की सभी दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान दिनभर बंद रहे। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि गोमगांव की घटना में संलिप्त दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए और बुलडोजर चलाकर उन्हें कड़ी सजा दी जाए। इसके साथ ही संगठनों ने यह भी आरोप लगाया कि धरना से पूर्व व्यापारी संघ अध्यक्ष के साथ पुलिस अधीक्षक द्वारा अनुचित भाषा का प्रयोग किया गया, जिसे लेकर प्रशासन को माफी मांगनी चाहिए। संगठनों ने चेतावनी दी है कि जब तक प्रशासन द्वारा दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक धरना जारी रहेगा। खबर लिखे जाने तक धरना स्थल पर प्रदर्शन जारी था।

### इनका कहना है

हमारे द्वारा धरना स्थल पर पहुंचकर समझाईश दी गई और उनकी मांग अनुसार अतिक्रमण की कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण पाया गया तो सुप्रीम कोर्ट के निर्देश अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**सतीश राय,** अपर कलेक्टर हरदा

संगठन की मांगे पूरी होने के उपरांत ही धरना समाप्त किया जाएगा।

**भगवान सिंह राजपूत,** व्यापारी संघ अध्यक्ष

# बाधक बताई 45 दुकानों के मामले में हाईकोर्ट ने दी राहत

## दुकानदारों को विरोध के लिए मिलेंगे 10 दिन




**जागरण, हरदा।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण में बाधक बताई जा रही 45 दुकानों के मामले में जबलपुर हाईकोर्ट ने दुकानदारों को बड़ी राहत दी है। पटवारी ने इन दुकानों को सरकारी जमीन पर अतिक्रमण बताते हुए हटाने का नोटिस जारी किया था। वीरेंद्र तिवारी और अन्य दुकानदारों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर बताया कि पटवारी ने 13 मई को नोटिस जारी कर दस्तावेज जमा करने के लिए केवल 12 घंटे और निर्माण हटाने के लिए 3 दिन का समय दिया था। जबलपुर हाईकोर्ट ने इस मामले में कई आदेश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि पटवारी को याचिकाकर्ताओं के पहले से दाखिल जवाब के अलावा 3 सप्ताह का अतिरिक्त समय देना होगा। याचिकाकर्ताओं के जवाब और दस्तावेजों पर विचार करना अनिवार्य होगा। साथ ही पटवारी को ये जांचना होगा कि उनके पास दुकानदारों को बेदखल करने का कानूनी अधिकार है या नहीं। इस दौरान याचिकाकर्ताओं के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। अंतिम आदेश आने पर दुकानदारों को विरोध के लिए 10 दिन का समय मिलेगा। राज्य शासन की ओर से कहा गया है कि कार्रवाई कानून के अनुसार की जाएगी। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को निर्देश दिया है कि वे 15 दिसंबर 2014 तक सभी दस्तावेज पटवारी के सामने जमा करें।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारत भक्ति यात्रा निकाली




**जागरण, हरदा।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद हरदा में मंगलवार को भारत भक्ति यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरुआत नेहरू स्टेडियम से हुई। यह यात्रा महाराणा प्रताप चौक से होते हुए परशुराम चौक तक पहुंची, इसके बाद सत्यनारायण मंदिर चौक से चांडक चौराहे होते हुए घंटाघर चौक तक गई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। सभी ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए। भाजपा नेत्री प्रियंका दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेना ने आतंकियों के ठिकाने नष्ट किए हैं। उन्होंने कहा कि अब कोई भी देश भारत को आंख नहीं दिखा सकता। समाजसेवी कमला सोनी ने भारतीय सेना को नमन किया। उन्होंने वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यात्रा में पूर्व सैनिक और उनके परिवार के सदस्य भी मौजूद रहे। खुली जीप में वीरांगना के रूप में छात्राएं भी शामिल हुईं। कार्यक्रम में सैन्य परिवारों का विशेष सम्मान किया गया।

# मंडी के बाहर किसानों से सैकड़ों क्विंटल अनाज सीधे खरीद रहे फुटकर व्यापारी



**जागरण, खिरकिया।** नगर में मंडी प्रशासन की निष्क्रियता के चलते मंडी क्षेत्र में अवैध अनाज कारोबार जमकर फल-फूल रहा है। मंडी के बाहर कई फुटकर व्यापारी सैकड़ों क्विंटल अनाज सीधे किसानों से खरीदकर निजी गोदामों में भंडारण कर रहे हैं, जिससे न केवल मंडी टैक्स की चोरी हो रही है, बल्कि किसानों को भी उचित दाम नहीं मिल पा रहे हैं। हाल ही में मंडी निरीक्षण टीम द्वारा वार्ड क्रमांक 2 में व्यापारी मुकेश बोहरा और छीपाबड़ के दगडू साहू पर कार्रवाई की गई, लेकिन इस कार्रवाई की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सूत्रों के अनुसार जांच के दौरान व्यापारियों के गोदामों में बड़ी मात्रा में अनाज पाया गया, लेकिन कार्रवाई केवल कम मात्रा पर की गई, जिससे यह साफ है कि उन्हें राहत पहूंचाई गई।

### प्रशासन की कार्रवाई पर उठ रहे सवाल

क्या मंडी जांच दल द्वारा गोदामों और दुकानों की वीडियो रिकॉर्डिंग की गई थी, यदि नहीं, तो कार्रवाई के प्रमाण क्या हैं। जब व्यापारी बार-बार मंडी के बाहर अनाज की अवैध खरीदी करते हैं, तो उनके गोदाम और दुकानें सील क्यों नहीं की जातीं। नगर में कई अन्य फुटकर व्यापारी भी ट्रॉलियों से अनाज खरीदकर निजी गोदामों में भंडारण कर रहे हैं, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही। क्या मंडी के मैदानी कर्मचारियों की मिलीभगत से यह अवैध व्यापार फल-फूल रहा है। मंडी निरीक्षक अशोक राजपूत ने खुद स्वीकार किया कि स्टाफ की कमी के कारण नियमित कार्रवाई संभव नहीं है, लेकिन सवाल यह है कि अगर जांच हो भी रही है तो वह अधूरी और पक्षपातपूर्ण क्यों है।

### शिक्षकों की समस्याओं का होगा निराकरण

**जागरण, हरदा।** आयुक्त लोक शिक्षण के निर्देश अनुसार शिक्षा विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिये जिला व विकासखण्ड स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में जिला स्तरीय शिविर 22 व 23 मई को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी डीएस रघुवंशी ने बताया कि इस शिविर के लिये सहायक संचालक बलवन्त पटेल को नोडल अधिकारी बनाया गया है। शिविर में शिक्षकों की क्रमोन्नति, समयमान, वेतन, वेतन वृद्धि, सेवा अभिलेखों के अद्यतनीकरण, सेवा निवृत्त होने वाले शिक्षकों के वेतन निर्धारण का कोष एवं लेखा विभाग से परीक्षण करना तथा जिन शिक्षकों से वसूली की जाना है, सेवा निवृत्ति से पूर्व उनकी वसूली का निर्धारण करना, पेंशन आदि का निराकरण किया जाएगा।

# सड़क पर बह रहा नाली का पानी वार्डवासी हो रहे हैं परेशान



**जागरण, टिमरनी।** नगर के वार्ड क्रमांक 15 में स्थित ईदगाह चौक से सोडलपुर की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर रहवासियों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग पर नाली का गंदा पानी लगातार सड़क पर बह रहा है, जिससे न सिर्फ राहगीरों को असुविधा हो रही है, बल्कि संक्रामक बीमारियों का भी खतरा बढ़ गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हो चुके हैं, जिनमें नाली का पानी भर जाने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और दुपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। रहवासियों ने कई बार नगर परिषद से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द नालियों की सफाई करवाई जाए और सड़क की मरम्मत की जाए, ताकि आम जनजीवन सुचारु रूप से चल सके। वार्डवासियों द्वारा नगर प्रशासन से इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है।

### अग्निकांड प्रभावित परिवारों की जन जागृति मंच ने की मदद

# एक महीने की खाद्य सामग्री, मसाले, चाय पत्ती बिस्किट, सब्जियां और कपड़े किए वितरित



**जागरण, खिरकिया।** नवगठित जन जागृति मंच ने छीपाबड वार्ड नंबर 12 में अग्निकांड से प्रभावित हुए दो परिवारों की खाद्य सामग्री, कपडे एवं नकद राशि देकर मदद की है। उल्लेखनीय है कि जितेंद्र पिता मोहन बारेला मूलनिवासी सुन्दरपानी और बुलसिंह पिता भगवान सिंह निवासी गुडी के परिवार वहां झोपडी बनाकर रह रहे थे। ये लोग यहां मजदूरी कर गुजर बसर कर रहे है। बीते गुरुवार को जब वे किसी वैवाहिक कार्यक्रम में गए हुए थे, तभी उनकी झोपडी में आग लग गई, जिससे झोपडी जलकर खाक हो गई। झोपडी जल जाने से दोनों परिवारों के समक्ष रहने के अलावा खाने पीने का भी संकट आ गया। इन दोनों के परिवारों में उनकी पत्नियों के अलावा चार-चार बच्चे भी है। जन जागृति मंच के सदस्यों को इसकी जानकारी मिली, तो मंच के सदस्यों ने मिलकर उनकी सहायता करने का निर्णय लिया। शाम को उनके पास जाकर उन्हें एक महीने की खाद्य सामग्री, मसाले, चाय पत्ती, बिस्किट, सब्जियां सभी सदस्यों के लिए चार-चार जोडी कपडे तथा पांच-पांच सौ रुपए नकद दिए। इस दौरान जन जागृति मंच के पंकज सांड, सुनील जैन, कमलनयन काबरा, राजेश मालू, शैलेंद्र राय, दुर्गादास पाटिल, जयकुमार पटेल, आलोक अग्रवाल, दीपक सोनी, गणेश श्रीवास, रीतेश मूंदडा, गोलू दरबार, गोविंद शर्मा, राजेश सोनी, श्याम तापडिया आदि मौजूद थे।

# जनसुनवाई में पटाखा ब्लॉस्ट पीड़ितों ने रखी अपनी मांगें



**जागरण, हरदा।** पटाखा पीड़ित परिजनों ने आज स्थानीय जिला पंचायत में चल रही जनसुनवाई में पहुंचक कलेक्टर के नाम एक आवेदन दिया, जिसमें उन्होंने अपनी मांग रखते हुए लेख किया है कि हम आवेदकगण वार्ड क्रमांक 31 डॉ एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड हरदा के निवासीगण है एवं बम ब्लास्ट से पीडित व्यक्ति है। हमारी समस्याओं का इतना लंबा समय होने के बाद भी अभी तक निराकरण नहीं हुआ है, इसके लिए हमारे द्वारा बार बार आवेदन दिया जा रहा है। हमारी प्रमुख रूप से मांग है कि आपके कार्यालय को एनजीटी के आर्डर के बाद 18 परिवार वालों को पूरी राशि वितरित कर दी गयी है, जिसमे 12 परिवार की राशि बाकी है, जो जल्द से जल्द दे दी जावे जिससे हम हमारे मकानो का निर्माण कार्य चालू कर सकें। वहीं एनजीटी के आर्डर के पश्चात आपके द्वारा जो सवा लाख रूपया एवं दो लाख रूपया का चेक जो काट लिया है वो पैसे भी हमे वापस प्रदान किये जावे। एनजीटी के प्रावधानों के तहत जिन फटाखा ब्लास्ट परिवार वालों को घर से बेदखल किया गया है, उसे प्रत्येक सदस्य को 2 लाख रूपये की अनुदान राशि दिये जाने का मौखिक रूप से आश्वासन दिया गया था, जो कि अभी तक उसका लाभ नहीं दिया है, जिसने संबंध में उचित आदेश पारित करने की कृपा करें ताकि राशी का भुगतान हो सके। सभी फटाखा के ब्लास्ट में गंभीर घायलों को अभी तक अनुदान राशि प्रदान नहीं की गई है। उन्हें प्रदान की जावे।

### अधिक शुल्क लेने वाले स्टाम्प वेंडर्स के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी : संयुक्त कलेक्टर

**जागरण, हरदा।** संयुक्त कलेक्टर संजीव नागू ने बताया कि कलेक्टर कार्यालय हरदा में दस्तावेज लेखन सेवा प्रदाता स्टाम्प वेंडर्स के लेखन की शासन द्वारा निर्धारित दरों की सूचना कलेक्ट्रेट के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। यदि किसी स्टाम्प वेंडर द्वारा इस दर से अधिक राशि उपभोक्ता से वसूली जाती है तो उसकी शिकायत कलेक्टर कार्यालय में की जा सकती है। अधिक शुल्क लेने वाले स्टाम्प वेंडर के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। श्री नागू ने बताया कि दस्तावेज लेखन के लिए स्टैंप वेंडर्स की जो दरें निर्धारित की गई हैं उनमें शपथपत्र या प्रतिलिपि के लिए आवेदन करने, निरीक्षण या ऐसे अन्य सामान्य आवेदन के लिए आदेशिका जारी किए जाने हेतु आवेदन के लिए, अधिनियम की धारा 15 या धारा 34 के अधीन कालावधि बढ़ाए जाने हेतु आवेदन के लिए, अधिनियम की धारा 73 के अधीन आवेदन के लिए 50 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके अलावा अधिनियम की धारा 72 के अधीन अपील के लिए किसी दस्तावेज में उपांतरण या संशोधन आदि के लिए, मुख्तारनामा खास के लिए अनुबंध पत्र, प्रतिलेख या द्वितीय प्रति, बिना प्रतिफल के सम्पति विलेख के लिए 100 रूपये शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके अलावा वसीयत, दत्तक प्राधिकार तथा दत्तक विलेख, मुख्त्यारनामा आम, विवाह विच्छेद विलेख लिखने के लिए 250 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। ऐसे तस्तावेज के लिए जिसका मूल्य, बाजार मूल्य या प्रतिफल 5 लाख रुपए तक है उसके लेखन के लिए 500 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। इसी तरह ऐसे दस्तावेज के लिए जिसमें मूल्य, बाजार मूल्य या प्रतिफल 5 लाख रुपए से अधिक है उसके लेखन के लिए 1000 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है।